चमड़े के बेल्ट का व्यापार कैसे स्टार्ट करें :— leather Belt Ka Business Kaise Start Kare

बेल्ट चाहें वो मेल्स हो या फीमेल्स दोनों के लिए ज़रुरत की चीज़ है। वैसे तो बेल्ट की कई सारी वैराइटी मिलती है पर जो सबसे ज्यादा पसंद की जाती है वो है चमड़े का बेल्ट। जी हाँ! चमड़े के बेल्ट को लैदर बेल्ट भी बोला जाता है। इन बेल्ट्स के ज्यादातर रंगो की बात करें तो ये काले और भूरे रंगों मे पाए जाते है। इन्हें बनाना भी बहुत आसान है , अगर आप किसी छोटे बिज़नेस को करने के बारे मे सोच रहे है तो आप इन लैदर बेल्ट्स का बिज़नेस कर सकते है।

★ बेल्ट बनाने का व्यापार का रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस :

अगर आप बेल्ट बनाने के बिज़नेस को स्टार्ट करना चाहते है तो सबसे पहले आपको कई लाइसेंस एवं जगह को रजिस्टर करने की आवश्यकता होगी, आइये हम आपको इसकी पूरी डिटेल्स देंगे :—-

● आरओसी के तहत रजिस्ट्रेशन:- आरओसी के तहत आप अपना एक निजी ब्रांड के नाम से राज्य के नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन करें.

● ट्रेड लाइसेंस:- आप जिस भी जिले के रहने वाले हो वहाँ के नगर निगम मे अपने बिज़नेस के लिए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर लें।

● उद्योग आधार और एमएसएमई रजिस्ट्रेशन:- बैंक से लोन, ब्याज मे कमी, MSME मे दी जाने वाली सुविधाओ का लाभ लेने के लिए आपको उद्योग आधार और एमएसएमई रजिस्ट्रेशन के लिए भी आवेदन करना होगा.

● NOC:- चूंकि चमड़े के बेल्ट बनाने के व्यवसाय से किसी भी तरह का प्रदूषण उत्पन्न नहीं होता है. क्योंकि इसमें उपयोग होने वाला मुख्य कच्चा माल बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाता है. इसलिए प्रदूषण बोर्ड से कोई मंजूरी या सहमती लेने की आवश्यकता नहीं है.

★ कितनी है बाज़ार मे डिमांड :—

कोई भी व्यापार स्टार्ट करने से पहले आप ये तय कर लें कि क्या उस प्रोडक्ट की माँग बाज़ार मे कितन है ?, लोग आपके प्रोडक्ट को कितनी उत्सुकता से ख़रीद पाएंगे। आइये ! आप को इन्हीं कुछ पॉइंट्स के बारे मे बताते है।

● व्यवसाय की बाजार में क्षमता:- आपको ये रिसर्च करना होगा कि बाज़ार मे इस बिज़नेस को कौन कौन कर रहा है और किस स्तर पे कर रहा है इससे आपको बिज़नेस करने मे मदद मिलेगी।

● बाजार में कॉम्पिटिशन:- इस बिज़नेस मे आपको बहुत सारे कॉम्पिटिशन मिलेंगे, इससे आपको बिज़नेस करने मे दिक्कत होगी। अच्छा ये होगा की आप अपने कॉम्पिटिटर के बारे मे जान लें, इससे आपको बिज़नेस करने मे मदद मिलेगी।

● लाभ एवं नुकसान:- सभी बिज़नेस मे फ़ायदे नुकसान होते है, ज़ाहिर है इसमें मे भी आपको फ़ायदे नुकसान होगा। इसके लिये आपको सदैव तैयार रहना होगा। आपको करना ये है कि आप फ़ायदे नुकसान के बारे मे रिसर्च कर लें उसके बाद बिज़नेस को स्टार्ट करें।

● टोटल निवेश:- लगभग आप 3 से 5 लाख का निवेश करते है तो आप इस बिज़नेस को ज़रूर स्टार्ट कर सकते है। लेकिन आपको इसके लिये भी एक रिसर्च करना होगा कि निवेश के बारे मे।

★ चमड़े के बेल्ट बनाने के लिए मशीनरी :—-

चमड़े के बेल्ट बनाने के लिए निम्न मशीनरी की आवश्यकता होती है –

● पॉवर से चलने वाली स्ट्रैप कटिंग मशीन
● अपर लेदर स्किविंग मशीन
● सिंगल नीडल फ्लैटबेड इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन
● साइड क्रासिंग मशीन आदि

★ चमड़े के बेल्ट बनाने के लिए कच्चा माल :—

अगर हम कच्चे माल की बात करें तो आपको सबसे जरूरी कच्चा माल क्रोम टेंड अपर लेदर एवं स्प्लिट लेदर है. छेद करने के लिए टूल्स और कुछ हाथ के उपयोग वाले टूल्स और साथ ही अन्य उपकरण जैसे बकल, धागा, सलूशन आदि की भी जरुरत पड़ेगी. आपको बेल्ट की पैकेजिंग के लिए भी कुछ सामग्री बाजार से खरीदनी होगी.

★ जगह का चुनाव: हर बिज़नेस के लिए इस बिज़नेस के लिए भी आपको एक अच्छे जगह की तलाश करनी चाहिए। एक ऐसी जगह जहाँ आप अपनी फैक्ट्री को बैठा सकते है। जगह ऐसी होनी चाहिए कि आपका हर सामान आपका उस जगह पे आ जाएं।